तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 18.5 डिग्री


हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 30 मार्च 2026



10 हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ, शोभायात्रा से भक्तिमय हुआ शहर





12 बीस दिन बाद पारा 37 डिग्री पर, फिर पसीने छुड़ाने लगी गर्मी





शिक्षा के क्षेत्र में उदीयमान...
SD GROUP OF INSTITUTIONS
• ACADEMIC • SPORTS • CULTURAL • INNOVATION • COMPETITIVE EXAMS. (NEET, IIT, NDA+SSB), CUET, CLAT, CA/CS
एस. डी. ग्रुप सर्वोच्च स्तर की ओर...
Where Dreams Become Reality

सर्वांगीण विकास का केन्द्र है आपका एस. डी. ग्रुप

SDians believe in results not in words...

Class Room Students

NEET AIIMS

PRACHI — 715/720 — AIR CAT.(EWS) 4 — D/O SH. MUKESH KUMAR — कनीना
RONAK YADAV — 710/720 — D/O SH. RAJPAL SINGH YADAV — ककराला
PRAKI — 619/720 — AIR CAT.(EWS) 30 — D/O SH. AJAY — कनीना

NDA

SELECTED: NDA 155 (AIR FORCE) UNDERGOING TRAINING FOR OFFICER AT NDA PUNE, MAHARASHTRA — JATIN SHARMA S/O SH. KRISHAN KUMAR — भड़फ
SELECTED: NDA 155 (ARMY) UNDERGOING TRAINING FOR OFFICER AT MILITARY COLLEGE, MCTE MHOW (MP) — CHHAVIKANT S/O SH. MANOJ KUMAR — करीरा
SELECTED: NDA 155 (NAVY) UNDERGOING TRAINING FOR OFFICER AT INDIAN NAVAL ACADEMY KERALA — KASHISH YADAV D/O SH. SANJAY KUMAR — रामबास

SCHOOL+COACHING
JEE Mains 2026
Result-Session 1
JATIN KAUSHIK S/o Sh. Harish — 99.49 %ile — Roll No. DL 010802205
KUNAL YADAV S/o Sh. Rajkumar — 99.04 %ile — Roll No. DR 030401675
HARSH YADAV S/o Sh. Satyavir — 97.62 %ile — Roll No. DL 010101157

CA Foundation Qualifiers
SONAM D/o Sh. Sanjay Roll No. 493923
KHUSHI GUPTA D/o Sh. Rajender Prasad Roll No. 456133
HIMANSHI D/o Sh. Dinesh Kr. Roll No. 958067
SOURBH S/o Sh. Dharmbir Roll No. 695581
DHEERAJ S/o Sh. Surender Singh Roll No. 465381
YATIN AGGARWAL S/o Sh. Bishan Dayal Roll No. 958017

एस. डी. ग्रुप 360° व्यू पर काम करता है।

Admission Open for Nursery to IX & XI
SESSION 2026-27
Admission on the Basis of Test — Limited Seats
Admission Test Schedule — Monday To Saturday : 9:00AM TO 3:00PM, Sunday : 10:00 AM TO 2:00 PM
उचित फीस में उत्तम शिक्षा

आपके सहयोग व विद्यालय के प्रयासों का सम्मान।

Awarded By SH. NITIN GADKARI Minister of Transport Govt. of India
Awarded By SH. JYOTIRDITYA SCINDIA Minister of Communication Govt. of India
Awarded By SMT. ANUPRIYA PATEL Minister of State for Health and Family Welfare Govt. of India
SH. S. P. SINGH BAGHEL Minister of State of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying Govt. of India
Awarded By SH. NAYAB SINGH SAINI Chief Minister Govt. of Haryana
Awarded With HONORARY DOCTORATE AWARD (D.Litt.) By The University of Central America
Awarded By PROF. (DR.) TANKESHWAR KUMAR Vice Chancellor Central University of Haryana

Do not just show dreams. Let your child have the opportunity of realizing the same
NEW HOSTEL

5th Mile Stone, Kanina-kapoori Road Kakrala, Distt.-Mahendergarh (Hr.) | sdskakrala.edu.in, sdschool2007@gmail.com

7056791004 | 7056791005
AC & NON AC HOSTEL FACILITY IS AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS

एस.डी. ग्रुप अपने विज्ञापनों में पूर्ण सत्यता दर्शाता है।

DR. SHIPRA SARSWAT
PRINCIPAL
Ph. 7056791006

## खबर संक्षेप

### कोसली क्षेत्र के गांव से नाबालिग लापता

**कोसली।** क्षेत्र के गांव से एक नाबालिग बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। नाबालिग के पिता ने कोसली थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। पिता ने कहा कि शनिवार को वह पत्नी के साथ कहीं गए हुए थे। उनकी नौवीं कक्षा में पढ़ रही 14 वर्षीय लड़की व अन्य बच्चे अपनी दादी के साथ घर के एक कमरे में सो रहे थे। रात को उनकी दादी उठी तो लड़की कमरे से गायब थी। उन्होंने घर वापस आने के बाद उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पिता के अनुसार लड़की अपने साथ घर का मोबाइल फोन भी ले गई है। पिता ने एक युवक पर उसे ले जाने का संदेह भी जताया है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### हनुमान जयंती पर संकीर्तन महोत्सव का होगा आयोजन

**कोसली।** कोसली के नाहड़ रोड स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर बजरंग मंडल की ओर से से 26वें संकीर्तन महोत्सव व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंडल से साधूराम गर्ग ने बताया कि एक अप्रैल को रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजस्थान कोटा के भजन गायक कलाकार राहुल व आशीष अपने भजनों से हनुमान जी की महिमा का गुणगान करेंगे।

### श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मनाई कामदा एकादशी

**रेवाड़ी।** भारत को त्यौहारों का देश कहा जाता है। कोई भी दिन ऐसा न हीं है, जिसमें कोई न कोई पर्व न आता हो। इन पर्वों को विभिन्न समुदाय के लोग मिलजुलकर मनाते आ रहे हैं। श्रद्धालुओं ने रविवार को हिंदू नववर्ष की पहली एकादशी व्रत रखकर मनाई। इस एकादशी को कामदा एकादशी भी कहा जाता है। श्रद्धालुओं ने प्रातः दैनिक कार्यों से निवृत होकर भगवान विष्णु की पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में ही नहीं, अपितु घरों में भी भगवान विष्णु की प्रतिमा पर फल-फूल, दूध-पंचामृत व पुष्प अर्पित कर विष्णु भगवान की आरती की। विभिन्न कॉलोनियों में भी श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कार्यक्रम का आयोजन कर भगवान विष्णु की आराधना करते हुए सुख-समृद्धि की कामना भी की। धार्मिक ग्रंथों में भी उल्लेख है कि एकादशी का व्रत रखने से जहां मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं, वहीं परिवार में तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति भी होती है।

*बाल भवन में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित, राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने की 13 परिवादों की सुनवाई*

# अधिकारी अपने स्तर पर जांच कर लें तो काफी समस्याओं का निवारण प्राथमिक चरण में ही संभव: विपुल गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

प्रदेश के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि अधिकारी आम जनता के हित में कार्य करें। जन शिकायतों का समय पर निवारण हो जाए तो नागरिकों का समय खराब नहीं होगा। मंत्री विपुल गोयल रविवार को बाल भवन सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बैठक में शिकायत आने से पहले अधिकारी उसकी अपने स्तर पर जांच करें और उस पर प्रभावी कार्यवाही कर लें तो काफी समस्याओं का निवारण प्राथमिक चरण में ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि बैठक का मकसद जन शिकायतों का प्रभावी ढंग से निवारण करना है। इसलिए अधिकारी जनसमस्याओं को लेकर सकर्त रहें और कहीं से कोई शिकायत आती है तो उसका तत्परता से समाधान करने का प्रयास करें। मंत्री ने बैठक में 6 नए व 7 लंबित सहित 13 परिवादों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।



रेवाड़ी। ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में परिवादों की सुनवाई करते मंत्री। फोटो: हरिभूमि



रेवाड़ी। ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में अपनी शिकायत रखते हुए।



रेवाड़ी। ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में अपनी शिकायत रखते हुए। फोटो: हरिभूमि

### इन शिकायतों पर की गई सुनवाई

गांव डालियाकी तारा देवी ने पंचायती जमीन की सफाई नहीं होने की शिकयत रखी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस पर नाजायज कब्जा करना चाहते हैं। बीडीपीओ ने बताया कि इस स्थान की सफाई करा दी गई है। करीब 500 गज की यह जमीन शिकायतकर्ता के घर के सामने है। मंत्री गोयल ने कोसली के विधायक अनिल यादव को इस मामले का निपटारा कराने और जमीन पर टाइल बिछाने के निर्देश दिए। गांव रामपुरा के कुछ लोगों ने सीवरेज से संबंधित शिकायत की थी, जिसमें जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा लाइन डलवा दी गई है। गांव खेड़ा आलमपुर के निवासी रामप्रसाद ने पंचायती जमीन में उसका हिस्सा होने की शिकायत की। मंत्री गोयल ने विधायक अनिल यादव की देखरेख में समस्या निपटाने के निर्देश दिए। रेवाड़ी निवासी मंजीत ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पर प्लॉट का कब्जा न दिए जाने की शिकायत रखी। मंत्री ने स्टेट ऑफिसर दीपक घनघस 15 दिन में इसकी रिपोर्ट डीसी को दिए जाने के निर्देश दिए। गांव जीतपुरा के बाबूलाल ने 1.5 एकड़ पंचायती भूमि पर कब्जा होने की शिकायत रखी। मंत्री ने मामले में जमीन की तारबंदी कराने के निर्देश दिए। गांव संगवाड़ी निवासी जगराम ने संदेह जताया कि उसके बेटे की करीब बीस दिन पहले हत्या हुई है। उसे धमकियां दी जा रही हैं। राजस्व मंत्री ने मामला सीआईए को सौंपकर इसकी छानबीन कराने के निर्देश दिए।

### ये रहे बैठक में मौजूद

इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, कोसली के विधायक अनिल यादव, डीसी अभिषेक मीणा, एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, भाजपा जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल, जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश, एसडीएम सुरेश कुमार, बावल के एसडीएम मनोज कुमार, कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव, नगराधीश जितेंद्र कुमार, डीएसपी डा. रविंद्र सिंह, डीएसपी सुरेंद्र श्योराण, बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता प्रदीप चौहान, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सतेंद्र श्योराण व समाजसेवी रत्नेश बंसल सहित सभी विभागों के अधिकारी तथा समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्य उपस्थित थे।

# कैदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि रिहा होने के बाद वे समाज में पुनः एकीकृत हो सकें: पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश पंकज जैन ने रविवार को जिला जेल का निरीक्षण कर जेल में बंदियों व कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह वाधवा, सीजेएम एवं डीएलएसए सचिव अमित वर्मा, सीजेएम डा. रेनू सोलखे, एडीसी राहुल मोदी, डीएसपी पवन कुमार और जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह दलाल उपस्थित थे। न्यायाधीश पंकज जैन ने जिला जेल में कंट्रोल रूम में बनाए गए लीगल एड क्लीनिक व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने जेल में बंद बंदियों व कैदियों की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता, भोजन व्यवस्था तथा कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस अवसर पर उन्होंने जिला कारागार के प्रांगण में पौधरोपण भी किया।



रेवाड़ी। जिला जेल का निरीक्षण करते हुए न्यायाधीश पंकज जैन। फोटो: हरिभूमि

### जैन ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए

*न्यायाधीश पंकज जैन ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कैदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाए, ताकि जेल से रिहा होने के बाद वे समाज में पुनः एकीकृत हो सकें। साथ ही उन्हें अपना जीवन यापन करने के लिए सक्षम बनाया जाए। जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह दलाल ने बताया कि कैदियों के लिए निर्धारित मेन्यू के अनुसार संतुलित व पौष्टिक भोजन तैयार किया जाता है और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। न्यायाधीश जैन ने निरीक्षण के उपरांत आवश्यक सुधारों को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बंदियों व कैदियों को मानवीय दृष्टिकोण के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जेल प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।*

# चाइनीज मांझा बेचने के मामले में आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

भाड़ावास गेट चौकी पुलिस ने चाइनीज मांझा बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला नालबंदा निवासी गौरव बत्तरा के रूप में हुई है। रविवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि गौरव बत्तरा निवासी मोहल्ला नालबंदा चाइनीज मांझा बेचने का काम करता है तथा चाइनीज मांझा रखने के लिए मोहल्ला भजन का बाग स्थित अपनी किराये की दुकान आया हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके से आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 प्लास्टिक के कट्टो से 960 चरखा चाइनीज मांझा बरामद किया है।



रेवाड़ी। चाइनीज मांझे के साथ गिरफ्तार आरोपी। फोटो: हरिभूमि

# डा. पवन गोयल को मिला प्रेजिडेंशिल ओरेशन सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर मेडिकल कॉलेज रोहतक के सुश्रुत सभागार में आयोजित एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया हरियाणा चैप्टर के वार्षिक अधिवेशन में डा. पवन गोयल को प्रेजिडेंशियल ओरेशन से सम्मानित किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में डा. पवन गोयल ने मधुमेह और मोटापे के आपसी संबंध और उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इनके आधुनिक प्रबंधन के बारे में उपस्थित पूरे हरियाणा से आए 500 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्नातकोत्तर छात्रों से जानकारी साझा की। अपने शोधपत्र में उन्होंने मोटापे को मधुमेह का सबसे प्रमुख कारण बताते हुए इस रोग के अत्याधुनिक उपचार के विभिन्न पहलुओं और विश्व भर में इस विषय पर हो रही रिसर्च के बारे में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में हरियाणा स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के उपकुलपति डा. हरिकृष्ण अग्रवाल, मेडिकल कालेज के निदेशक डा. शैलेंद्र सिंहल और एपीआई इंडिया के अध्यक्ष डा. अशोक तनेजा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में डा. पवन गोयल को सम्मानित करते हुए चीफ गेस्ट। फोटो: हरिभूमि

# ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर भागते हुए चालक को काबू किया

**रेवाड़ी।** खेड़ा आलमपुर के पास रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से भाग रहे ट्रक को पुलिस ने पीछा करते हुए गंगायचा टोल प्लाजा के पास काबू कर लिया। बाद में चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। गुरूग्राम के जाटोली निवासी 52 वर्षीय राजकुमार ऑटो चलाकर अपने परिवार का गुजारा करता है। वह रविवार को खेड़ा आलमपुर की ओर ऑटो लेकर जा रहा था। बस स्टैंड के पास एक ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने लगा। इसी दौरान पुलिस ने ट्रक का पीछा करते हुए गंगायचा टोल प्लाजा के पास काबू कर लिया। बाद में पुलिस ने ट्रक को थाने में इंपाउंड कर दिया। चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# कोसली गैस एजेंसी पर रेड के बाद गिरफ्तार संचालक पुलिस जमानत पर रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

कोसली पुलिस ने शनिवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम की ओर से शहीद सुरेन्द्र सिंह गैस सर्विस पर की गई रेड के बाद पाए गए अवैध गैस सिलेंडरों को कब्जे में लेकर गिरफ्तार किए गए गैस एजेंसी संचालक बिजेंद्र सिंह को पुलिस जमानत पर रिहा कर दिया है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने गैस सिलेंडरों के वितरण में अनियमितत्ता बरते जाने की आशंकाओं को लेकर शनिवार को कोसली की शहीद सुरेन्द्र सिंह गैस सर्विस पर रेड की थी। रेडिंग टीम ने एजेंसी के ऑनलाइन स्टाक व गोदाम में मौजूद स्टाक का मिलान किया था। जांच में गोदाम में 19 केजी गैस के कमर्शियल सिलेंडरों में 21 सिलेंडर भरे हुए व 5 सिलेंडर खाली कम पाए गए थे। एजेंसी के एक अलग कमरे में इंडेन के 14.2 केजी गैस वाले वाले 32 भरे व 63 खाली सिलेंडर, भारत गैस के 14.2 गैस वाले केजी वाले 8 खाली व 5 केजी गैस वाले 18 सिलेंडर बरामद किए थे। सीएम फ्लाइंग टीम की ओर से मामला पुलिस को सौंपे जाने के बाद कोसली पुलिस ने अवैध रूप से स्टाक किए गए 121 सिलेंडर कब्जे में लेकर गैस एजेंसी संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत मामला दर्ज कर संचालक बिजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। एसएचओ मनोज यादव ने बताया कि गैस एजेंसी संचालक बिजेंद्र सिंह को कानून के प्रविधान के अंतर्गत कच्ची जमानत पर रिहा किया गया है।

### बिजली चोरी पकड़ने गई टीम के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** डहीना चौकी पुलिस ने गांव सीहा में बिजली चोरी पकड़ने गई बिजली निगम की टीम के साथ मारपीट करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांव सीहा निवासी आरोपी अजय व धीरज को गिरफ्तार कर लिया है। डीएचबीवीएन कार्यालय बुड़ौली के एसडीओ विकासदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गत 24 मार्च को सुबह करीब 5:30 बजे बिजली निगम की टीम बिजली चोरी पकड़ने के लिए गांव सीहा में बालावाली ढाणी निवासी अजय व धीरज के घर की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान अजय ने पहले टीम के साथ गाली-गलौच की और फिर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगा। उसका भाई धीरज ने भी टीम पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे टीम के सदस्यों का काफी चोटें आई। कर्मचारियों के डायल-112 पर फोन करके पुलिस को बुलाया तो उन्होंने पुलिस के सामने उन्हे जान से मारने की धमकी दी। एसडीओ ने बताया कि इससे पहले भी बिजली चोरी पकड़ने गई टीम के साथ गांव कंवाली में भी घटना हो गई थी। डहीना चौकी पुलिस ने आरोपी अजय व धीरज को गिरफ्तार करने के बाद बेल पर रिहा कर दिया है।

### रेलवे स्टेशन पर मिले व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन परिसर में दो दिन पहले मिले करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी एसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह जीआरपी स्टाफ को गश्त के दौरान ऑटो स्टैंड के पास बनी पगडंडी पर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में लेटा हुआ मिला। जांच करने पर वह मृत पाया गया। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई। जीआरपी ने शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। मृतक ने मेहरुन रंग की टीशर्ट व नीली लोअर पहनी हुई है।

**एचएसएनसीबी जिला यूनिट की कार्रवाई**

# 7.37 ग्राम स्मैक के साथ नशा तस्कर किया गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर। फोटो: हरिभूमि

- पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

एचएसएनसीबी जिला यूनिट ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए फिर से एक और सफलता हासिल की है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो टीम ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7.37 ग्राम हेरोइन भी बरामद की है। एचएसएनसीबी जिला यूनिट प्रभारी सहायक उप-निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सहायक उप-निरीक्षक सुरेश कुमार को सूचना मिली कि सोनू नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का काम करता है तथा भगवासन माता मंदिर गांव राता कलां की आंगनबाड़ी के सामने नशीला पदार्थ स्मैक बेचने की फिराक में खडा है। पुलिस टीम ने मौके से आरोपी को नशीला पदार्थ सहित काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 7.37 ग्राम स्मैक बरामद की गई। आरोपी की पहचान सोनू निवासी चांगरोड जिला दादरी हाल किरायेदार गांव हुडिया जैतपुर राजस्थान के रूप मे हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। यूनिट प्रभारी ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में समाज का सहयोग अनिवार्य है। कहीं भी नशा व्यापार या तस्करी की जानकारी मिले, तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एनसीबीमानस.जीओवी.इन या हेल्पलाइन नंबर 90508-91508 पर सूचना दें।

**हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु**

# हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ, शोभायात्रा से भक्तिमय हुआ शहर

- महिलाओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य कर माहौल को भक्तिमय बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

शहर के मोहल्ला छिपटवाड़ा स्थित श्रीराम सत्संग भवन में रविवार को हनुमान जन्मोत्सव के पांच दिवसीय कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान महिलाओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य कर माहौल को भक्तिमय बनाया। श्री राम सत्संग भवन के संचालक शिवचंद इष्टधारी के सानिध्य में शहर में हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से सरकुलर रोड होते हुए बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से ध्वज अर्पित की गई। शोभायात्रा के दौरान रास्ते में आने वाले मंदिरों में देवी-देवताओं को मालाएं अर्पित कर श्रद्धा प्रकट की गई। प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद रामायण जी को पालकी में विराजमान किया गया। इसके बाद शोभायात्रा भाड़ावास गेट, मोती चौक, बजाजा बाजार और पुरानी तहसील होते हुए पुनः श्रीराम सत्संग भवन में सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।





रेवाड़ी। शहर में हनुमान जी की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु, हनुमान जी की शोभायात्रा में शामिल श्रृद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया

शोभायात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया गया। शिवचंद इष्टधारी ने बताया कि 30 मार्च को दोपहर 2 बजे पाठ की पूणार्हुति एवं भोग लगाया जाएगा। इसके बाद रात 9 बजे से प्रवचन और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। कार्यक्रम के तहत 1 अप्रैल को तुर्कियावास रोड स्थित हनुमान मंदिर में सुबह 10 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा तथा हनुमान जी को रोट का भोग भी लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली, रघुनंदन शर्मा, रतनलाल शर्मा, अजय स्वामी व अतुल वर्मा कलकत्ता वाल सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## जिले में रसोई गैस आपूर्ति के पुख्ता इंतजाम, एक दिन में 4500 से अधिक सिलेंडरों की हुई घर-घर आपूर्ति

# नारनौल के 9 मोहल्लों में बिछी पीएनजी गैस पाइप लाइन उपभोक्ताओं के घरों पर दी जा रही सिलेंडर की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिले में पाइप नेचुरल गैस बुनियादी ढांचे और घरेलू पाइप नेचुरल गैस कनेक्शनों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में रसोई गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और जिले के उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में तेल कंपनियों के माध्यम से लगातार आपूर्ति प्राप्त हो रही है। जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में बुकिंग के सापेक्ष वितरण किया जा रहा है। विशेष रूप से शादियों और सरकारी कार्यों के लिए मांग के अनुसार व्यावसायिक सिलेंडरों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

पाइप नेचुरल गैस कनेक्शनों के संबंध में उपायुक्त ने बताया कि वर्तमान में जिला महेंद्रगढ़ के केवल नारनौल शहर में निजी कंपनी की ओर से यह सुविधा प्रदान की जा रही है। नारनौल में लगभग 1651 सक्रिय कनेक्शन हैं। कुल रजिस्ट्रेशन कनेक्शनों की संख्या 6000 से 7000 के बीच है। शहर के शहरी संपदा विभाग सेक्टर, कर्मचारी कॉलोनी, मालवीय नगर, पटीकरा, शिव कॉलोनी, केशव नगर, कैलाश नगर, मोती नगर व रामनगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में यह पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है और बाकी कनेक्शनों को पाइप लाइन से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी है। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने निजी कंपनी के मैनेजर को निर्देश दिए हैं कि बाकी जो रजिस्ट्रेशन कनेक्शन है, उनको भी अति शीघ्र एक्टिव करें इसके अलावा नारनौल शहर में तीन व्यावसायिक कनेक्शन भी कार्य कर रहे हैं। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि भविष्य में इस नेटवर्क का विस्तार जिले के अन्य हिस्सों में भी सुचारू रूप से हो सके।



नारनौल। गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की लाइन। फोटो : हरिभूमि

### जिले में गैस की किल्लत नहीं: उपायुक्त

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है और उपभोक्ताओं को किसी भी



प्रकार की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ रहा है। 28 मार्च को शाम पांच बजे तक की रिपोर्ट के मुताबिक जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास कुल 7819 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध था। इसमें से 4661 सिलेंडर सीधे संयंत्र से प्राप्त हुए थे। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रियता दिखाते हुए कुल 76 वाहनों (47 वाहन शहरी व 29 ग्रामीण) के माध्यम से एक ही दिन में 4598 सिलेंडरों की घर घर आपूर्ति सुनिश्चित की गई। वर्तमान में 4047 ऑनलाइन बुकिंग प्राप्त हुई थी, जिनके सापेक्ष आपूर्ति का कार्य निरंतर जारी है और दिन के अंत में भी विभिन्न एजेंसियों के पास 3221 सिलेंडरों का अंतिम शेष बचा हुआ था। व्यावसायिक आपूर्ति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि लड़की की शादियों व सरकारी कार्यों के लिए मांग के अनुसार पर्याप्त संख्या में व्यावसायिक सिलेंडर प्राप्त हुए हैं।

## खबर संक्षेप


नारनौल। नाली दिखाते वार्ड वासी।

### चौड़ी नाली पर जाली लगाने की मांग

**नारनौल।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 19 व 20 के बीच मोहल्ला देवस्थान व बावड़ीपुर के रास्ते बीच गुजरती चौड़ी नाली के ऊपर पहले लोहे की जाली लगी हुई थी। वह कई दिनों से टूटी हुई है। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले बड़े बुजुर्ग व मोटरसाइकिल सवार नाली में फंसकर गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं। मोहल्ले के लोगों ने इस बाबत शिकायत भी दर्ज की है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बड़े बुजुर्ग लगातार चोटिल होते जा रहे हैं, कई स्कूटी सवार भी गिर कर चोटिल हो रहे हैं। इसलिए यहां जल्द से जल्द जाली लगाई जाए।

### प्रजापति समाज परगना कांटी की आमसभा 12 को

**मंडी अटेली।** प्रजापति समाज परगना कांटी की आमसभा की बैठक 12 अप्रैल को अटेली स्थित प्रजापति धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। सभा के सचिव राकेश प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में वर्ष 2025-26 कालेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के आगामी कार्यों की रूपरेखा भी तय की जाएगी। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में पहुंचकर अपने सुझाव दें और समाज के विकास में सहयोग करें।

### नारनौल से पचेरी धाम के लिए ध्वजा पदयात्रा 1 को

**नारनौल।** नारनौल से पचेरी धाम के लिए केसरी ध्वजा पदयात्रा एक अप्रैल को श्री पंचमुखी दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर के महन्त आचार्य दीपक कौशिक के सानिध्य में रवाना होगी। यात्रा प्रवक्ता राजकुमार गोयल भोजावासिया ने बताया कि नारनौल से पहली बार इस पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा नागरिक अस्पताल के नजदीक स्थित हनुमान मंदिर से दोपहर सवा तीन बजे रवाना होकर होगी।

## गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किए आरोपी

# जिस जेल से हुए थे फरार, पुलिस ने चंद घंटों बाद उसी जेल पहुंचाया

- साइबर ठगी के आरोपी फैजान व जाहिद शुक्रवार को जेल की दीवार फांदकर हुए थे फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला जेल से बीते शुक्रवार को दीवार फांदकर फरार हुए दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश करते हुए फिर से उसी जेल भेज दिया गया। दोनों आरोपियों से पुलिस ने फरार होने के संबंध में पूछताछ भी की, परंतु उसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। सात जेल अधिकारियों पर गाज गिरने के बाद उच्चाधिकारी अभी जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसके बाद कुछ सीनियर अधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है। साइबर ठगी के मामलों में गिरफ्तार किए गए यूपी के रामपुरा निवासी फैजान और यूपी के ही इटावा निवासी जाहिद को बीते दिनों कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजा गया था। दोनों गत शुक्रवार को दो सीढ़ियां जोड़कर जेली की दीवार फांदकर फरार हो गए थे। शाम के समय जब कैदियों और बंदियों की गिनती शुरू की गई, तो दो बंदियों के गायब होने का पता चला। इसके बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया था। देर सायं जब पुलिस को बंदियों के फरार होने की सूचना मिली तो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तत्काल प्रयास शुरू किए गए। दोनों आरोपियों को पुलिस ने चंद घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपियों से गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पूछताछ भी की, जिसके बारे में अभी खुलासा नहीं किया गया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### वरिष्ठ अधिकारी के सस्पेंशन की चर्चाएं

रविवार को दिन भर इस मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी के सस्पेंशन की चर्चाएं भी चलती रहीं, लेकिन उच्चाधिकारियों ने जांच रिपोर्ट के बाद ही कार्रवाई की बात कही है। डीजीपी जेल आलोक मित्तल ने पांच हेड जेल वार्डर और दो वार्डर को शनिवार को ही सस्पेंड कर दिया था। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि मामले की जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद सीनियर अधिकारियों पर भी एक्शन लिया जा सकता है।

# शिविर में जांचा 49 लोगों का स्वास्थ्य

## स्वास्थ्य जांच शिविर समाज के लिए वरदान : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारत विकास परिषद की श्रीराम शाखा की ओर से रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन डा. दीपक अल्ट्रासाउंड सेंटर में किया गया। मुख्य अतिथि एडवोकेट अशोक यादव, डायरेक्टर अल्ट्रासाउंड सेंटर व शाखा के अध्यक्ष सीए जतिन सैनी सहित सदस्यों ने भारत माता और विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में रक्त परीक्षण, ब्लड शुगर, विटामिन डी, विटामिन बी12, लिपिड प्रोफाइल, लीवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, थायरॉइड प्रोफाइल, यूरिन रूटीन एवं माइक्रोस्कोपी जांच के साथ अल्ट्रासाउंड में लीवर, किडनी, गॉलब्लैडर व पैंक्रियाज की जांच की गई। सीए जतिन सैनी, सचिव सचिन सिंघल तथा कोषाध्यक्ष सीए अमन गुप्ता ने बताया कि कैंप में 49 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई। सीए जितेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसे शिविर समाज के लिए वरदान हैं, क्योंकि इनसे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है।


रेवाड़ी। स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते अतिथि।

# 'जानकार बनिए सावधान रहिए' कार्यक्रम में साइबर अपराध पर किया जागरूक

**रेवाड़ी।** सीएसटी कॉम्प्लेक्स में भार्गव महिला सभा व लायंस क्लब की ओर से जागरूकता अभियान के तहत 'जानकार बनिए सावधान रहिए' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सभा सचिव सुमन भार्गव ने कहा कि वर्तमान में अधिकतर नागरिक वित्तीय धोखाधड़ी, डेटा चोरी व साइबर अपराध सहित किसी न किसी तरीके से शिकार बनते जा रहे हैं। साइबर अपराध एक ऐसी अवैध गतिविधि है, जिसमें स्मार्ट फोन, टैबलेट, नेटवर्क व कंप्यूटर का उपयोग अपराध करने या उन्हें निशाना बनाने के लिए किया जाता है। साइबर अपराधों में हैकिंग, फिशिंग, रैनसमवेयर और साइबर स्टाकिंग जैसे मामले शामिल हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि साइबर थाने से एएसआई अरुण कुमार व एएसआई संदीप ने सभी को साइबर अपराधों से बचाव के टिप्स दिए। उन्होंने किसी अनजान व्यक्ति की वीडियो कॉल रिसीव न करने, मजबूत और अलग-अलग पासवर्ड का उपयोग करने, संदिग्ध लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करने और सॉफ्टवेयर व एंटीवायरस को अपडेट रखने के बारे में अवगत कराया।





रेवाड़ी। शिविर में रक्तदान करते हुए व उपस्थित आयोजक।

# रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को मिलता है जीवनदान : ऋषि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लायंस क्लब, भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा और आरडब्ल्यूए अंतरिक्ष टावर्स के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को अंतरिक्ष टावर्स स्थित सामुदायिक केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में 36 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन ऋषि सिंघल ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान समाज के लिए एक महान सेवा है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है। सिविल हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम ने रक्त एकत्रित किया। टीम में डा. राजनेश, रोहित एलटी, हंसराज एलटी, नरेश कुमार, सुशीला, अनिल कुमार, रवि यादव तथा मनीष शामिल थे। मौके पर लायन आलोक सिंघल, लायन अभिषेक गुप्ता, लायन ओपी गुप्ता, लायन हेमंत सिंघल, लायन निशी मोंगिया प्रेसिडेंट लायंस क्लब गुरुग्राम ग्रेटर, लायन हेमंत मोंगिया जोन चेयरपर्सन, लायन राहुल सिंघल रीजन चेयरपर्सन, लायन ऋतेश भार्गव, लायन अनिल भार्गव, लायन जितेश गोयल तथा संदीप गोयल आदि मौजूद रहे।

# पार्क गली में नाले की सफाई, सीवर गंदगी से मिली राहत

## पखवाड़े भर से जाम नाले ने बढ़ाई थी परेशानी, सफाई अभियान के बाद फिर शुरू हुई पानी की निकासी

*मच्छर-मक्खियों और बदबू से दुकानदार थे त्रस्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर की पार्क गली में लंबे समय से बनी सीवर और गंदगी की समस्या पर आखिरकार प्रशासन की नींद खुल गई। हरिभूमि अखबार में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद नगर परिषद हरकत में आई और मौके पर जेसीबी मशीन, जिसे आम भाषा में 'पीला पंजा' कहा जाता है, लगाकर नाले की सफाई करवाई गई। इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों और दुकानदारों को बड़ी राहत मिली है।

दरअसल, पार्क गली में पिछले करीब पंद्रह दिनों से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई थी। नाले के जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर भर गया था, जिससे पूरे इलाके में बदबू फैल रही थी। हालात इतने खराब हो गए थे कि दुकानदारों के लिए अपनी दुकानों पर बैठना मुश्किल हो गया था, वहीं राहगीरों को भी गली से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गंदे पानी में मच्छर और मक्खियां तेजी से पनप रहे थे, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया था। स्थानीय लोगों ने कई बार इस समस्या की शिकायत की, लेकिन लंबे समय तक कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद हरिभूमि अखबार ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया।

खबर प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सफाई अभियान शुरू किया। टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से नाले में जमा गंदगी को बाहर निकाला। सफाई के दौरान नाले से बड़ी मात्रा में पॉलीथीन, टूटी चप्पलें, प्लास्टिक कचरा और अन्य प्रकार की गंदगी निकली, जिसने पानी के बहाव को पूरी तरह रोक रखा था। केवल पार्क गली ही नहीं, बल्कि बस स्टैंड की ओर सड़क पार बने नाले की भी सफाई की गई। इस संयुक्त कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में पानी की निकासी सुचारु रूप से शुरू हो गई है। गंदगी हटने के बाद बदबू भी कम हो गई है और लोगों को राहत महसूस हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कई दिनों से वे बेहद परेशान थे। गंदगी और बदबू के कारण ग्राहक भी उनकी दुकानों पर नहीं आ रहे थे, जिससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा था। अब सफाई होने के बाद स्थिति सामान्य होने लगी है और कारोबार भी धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा है। स्थानीय निवासियों ने हरिभूमि अखबार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि मीडिया इस तरह से जनसमस्याओं को उठाता रहे, तो प्रशासन भी समय पर कार्रवाई करने को मजबूर होगा। उन्होंने नगर परिषद से मांग की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए नियमित सफाई और निगरानी की व्यवस्था की जाए।

फिलहाल, पार्क गली में नाले की सफाई और जल निकासी शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने पर समाधान संभव है।



नारनौल। गंदे नाले की सफाई करती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि


दुकानदारों की रोजी-रोटी पर असर, बीमारियों का खतरा मंडराया
सीवर ओवरफ्लो होने के कारण 'पार्क गली बनी नरक', हालात बदहाल

नारनौल। हरिभूमि में प्रकाशित समाचार।

## गरज-चमक के बादलों का निर्माण होगा, कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना

# पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, आज व कल तेज अंधड़ के साथ बारिश की संभावना

*मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट, तापमान में होगी बढ़ोतरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिला महेंद्रगढ़ में एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। जिससे तापमान में उतार चढ़ाव की सम्भावना बन रही है। बता दें कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से दक्षिणी पंजाब व उत्तरी राजस्थान पर एक चक्रवातीय सर्कुलेशन बनने से अरब सागर से प्रचुर मात्रा में नमी पहुंचने से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में गरज चमक के बादलों का निर्माण होगा। पश्चिमी विक्षोभ अपना असर रविवार रात्रि को दिखाना शुरू दिया। यह पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड पर बर्फबारी तथा मैदानी राज्यों पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में बहुत से क्षेत्रों में असर दिखाएगा।

इस दौरान मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 30 व 31 मार्च को तेज गति की हवाएं करीब 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ आंधी व हल्की बारिश, बूंदाबांदी और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि को नकारा नहीं जा सकता। इस मौसम प्रणाली से तेज अंधड़, बारिश की संभावना है, कुछ क्षेत्रों में 30 व 31 मार्च को इसका व्यापक असर देखने को मिलेगा। जिसकी वजह से भारतीय मौसम विभाग ने सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर येलो अलर्ट जारी कर दिया है। हालांकि मौजूदा पश्चिमी मौसम प्रणाली थोड़ी कमजोर हो गई है, लेकिन इस मौसम प्रणाली का असर दौरान मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान हरियाणा एनसीआर दिल्ली, उत्तरप्रदेश में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। रविवार को जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन तथा रात का तापमान क्रमशः 33.0, 18.5 डिग्री सेल्सियस व 36.2, 18.8, डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### किसान भाइयों को सलाह

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि समय रहते कुछ किसान भाई अपनी कटी हुई फसलों को नुकसान से बचाएं। किसान अपने फसल उत्पादन को संरक्षित और सुरक्षित करें। वेयर हाउस में संरक्षित करें या तिरपाल से ढके। मंडियों में भी सुरक्षित करें। इसके अलावा किसान भाइयों को सुचना दी जाती है कि एक व दो अप्रैल को कुछ मौसम में सुधार रहेगा, लेकिन दो अप्रैल रात को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इस पश्चिमी मौसम प्रणाली से तीन से पांच अप्रैल के दौरान फिर तेज अंधड़, हल्की बारिश व बूंदाबांदी की संभावना है।

# दुकानों के बाहर सीसीटीवी लगाएं व्यापारी : एसएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए सिटी थाना एसएचओ इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने रेलवे रोड, काठमंडी, पोस्ट ऑफिस रोड और मुख्य बाजार में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और दुकानदारों के साथ बैठक की। उन्होंने व्यापारियों और दुकानदारों से सुरक्षा के आधुनिक मापदंडों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने व्यापारियों से अनुरोध किया कि वे अपनी दुकानों के बाहर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे चोरी और झपटमारी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में कारगर होंगे। एसएचओ ने डिजिटल लेन-देन के बढ़ते दौर में व्यापारियों को साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही अपना ओटीपी किसी से साझा करें। धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 नंबर पर रिपोर्ट दर्ज करें। व्यापारियों ने पुलिस को हर संभव मदद कर शहर को सुरक्षित बनाने में सहयोग करने का आस्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### अलग अलग हादसों में दो बाइक सवार घायल

**रेवाड़ी।** जिले में अलग-अलग हादसों में बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। गांव भालखी माजरा के पास ट्रक के साइड मारने से एसी मैकेनिक तथा गांव मांढैया के पास कार की टक्कर से कंपनी कर्मचारी घायल हो गया। एक्सीडेंट के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सूचना के बाद खोल और सदर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों पर केस दर्ज कर लिया है। गांव माजरा भालखी के पास साथ चल रहे ट्रक ने अचानक कट मारकर बाइक को साइड मार दी, जिससे उसे काफी चोटें आई। भरत की गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक रेफर कर दिया गया। वही गांव नांगल पठानी निवासी संदीप ने शिकायत में बताया कि वह 21 मार्च को वह बाइक पर सवार होकर कंपनी से घर आ रहा था। इसी दौरान गांव मांढैया के पास कार ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

### सोम प्रदोष व्रत रख आज करेंगे शिव की आराधना

**रेवाड़ी।** प्रत्येक माह में 2 त्रयोदशी पड़ती हैं। पहली कृष्ण पक्ष और दूसरी शुक्ल पक्ष में। सोमवार को श्रद्धालु सोम प्रदोष का व्रत रखेंगे और पूरे विधि-विधान से अपने आराध्य देव महादेव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री का कहना है कि यह व्रत भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदोष व्रत के दिन सुबह स्नान करने के बाद भगवान शंकर, पार्वती और नंदी को पंचामृत व गंगाजल से स्नान कराएं। भगवान शिव को बेल पत्र, गंध, चावल, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य, फल, पान, सुपारी, लौंग, इलायची अर्पित करें। पूरे दिन निराहार रहकर फिर से सायं के समय भगवान शिव की पूजा करें। भगवान शिवजी को घी और शक्कर, जौ के सत्तू का भोग लगाएं और 8 दीपक 8 दिशाओं में जलाएं।

### हनुमान जन्मोत्सव पर कई जगह होंगे आयोजन

**धारूहेड़ा।** कस्बे में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बड़ी ट्रक यूनियन, स्कूल के पीछे, मातादीन कॉलोनी, सोहना रोड व नंदरामपुर बास रोड पर जागरण व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक कार्यक्रम 1 अप्रैल को देर शाम 7 बजे से शुरू होकर रात्रि तक चलेंगे, जबकि 2 अप्रैल को सुबह हवन व पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जागरण में कई प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे।

### ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा में 75 फुटा रोड पर सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। शनिवार की रात एक युवक सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान वह ट्रक की चपेट में आ गया। चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल हुए युवक को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

### सोहना, दिल्ली व नंदरामपुर बास रोड की सड़क को चौड़ा करने की उठी मांग

# धारूहेड़ा में अतिक्रमण से बिगड़ रहे हालात जाम से लग रही वाहनों की लंबी कतार

- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/धारूहेड़ा

धारूहेड़ा कस्बे के मुख्य मार्गों व बाजार में अतिक्रमण नासूर बन चुका है। अतिक्रमण के कारण हर समय लगते वाहनों के जाम से निकलने के लिए लोगों को जूझना पड़ रहा है। धारूहेड़ा के सोहना, दिल्ली व नंदरामपुर बास रोड पर जाम की समस्या आफत बनती जा रही है। अतिक्रमण व जाम के कारण वाहन चालकों को निकलने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कस्बे के लोगों ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर सड़क को 30-30 फीट चौड़ी करने की मांग की है ताकि जाम से जूझ रहे लोगों को समस्या से निजात मिल सकें। सोहना रोड कस्बे को नेशनल हाइवे-919 व नंदरामपुर बास रोड भिवाड़ी इंडस्ट्रियल एरिये को जोड़ता है। कस्बावासियों ने केंद्रीय मंत्री से नेशनल हाइवे नंबर-48 पर स्कूल के सामने फ्लाइओवर व पुलिस स्टेशन के पास लूप बनाने की भी मांग की है। धारूहेड़ा में आवागमन के लिए एक ही फ्लाईओवर है। सोहना, पलवल, फरीदाबाद, भिवाड़ी व अलवर जाने के लिए ट्रैफिक यही से गुजरता है, जिसके कारण हर समय जाम लगा रहता है। कस्बावासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवर व पुलिस स्टेशन के पास सड़क लूप बनाना जरूरी है। समाजसेवी जेपी यादव ने बताया कि स्कूल जाने वाले छात्रों को इसी मार्ग से जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो फ्लाईओवर व सर्विस रोड पर पानी जमा हो जाता है, जिसके कारण विद्यार्थियों के लिए परेशानी पैदा हो जाती है। इसलिए नेशनल हाइवे-48 व 919 पर फ्लाईओवर निर्माण आवश्यक है। कस्बे की मुख्य सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बन गए, जिसमें जाम के दौरान सर्विस रोड से निकलने वाले वाहन फंस जाते हैं और जाम लगने से वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।




रेवाड़ी। धारूहेड़ा के भगत सिंह चौक पर लगा जाम तथा बक्शी मार्केट में सड़क पर रखा गया दुकानों का सामान। फोटो : हरिभूमि

#### आसपास के गांवों के ग्रामीण भी परेशान

हाइवे के आसपास के कई गांवों के लोग भी जाम से परेशान हैं। हाइवे पर वाहनों का जाम लगने के कारण आसपास के उद्यमी और व्यापारी अपने घर जाने के लिए गांव के रास्ते से निकलते है। लंबे जाम के कारण नेशनल हाइवे पर वाहनों के धुंए के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है। हाइवे पर स्थित होटल और ढाबों सहित दुकानदारों को दूषित वातावरण झेलना पड़ रहा है।

#### बक्शी मार्केट में अतिक्रमण से लग रहा जाम

*कस्बे के बक्शी मार्केट में व्यापारियों की ओर से सड़क पर किए गए अतिक्रमण ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कई व्यापारी दुकान के बाहर तक अपना समान रख देते है, जिससे पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं वाहनों की अवैध पार्किंग ने भी सड़क को सिकोड़ कर रख दिया है। इस अव्यवस्था का सबसे अधिक प्रभाव भगत सिंह चौक, दिल्ली रोड व सोहना रोड से नगरपालिका मार्ग पर पड़ रहा है, जिससे जाम के हालात बन रहे हैं। वाहन चलकों व राहगीरों को जाम से निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। होशियार सिंह ने बताया कि समस्या की शिकायत कई बार नगरपालिका में दी जा चुकी हैं। ट्रैफिक पुलिस को भी शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने से हालात में सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण न हटाने, वाहनों की पार्किंग नियंत्रित न करने और थोक व्यापारियों की ओर से निर्धारित सीमा में सामान न रखने के कारण जाम की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। उन्होंने प्रशासन से बाजार की यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क से अवैध कब्जे हटाने की मांग की है। नगरपालिका की ओर से पूर्व में व्यापारियों को सड़क से अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी आदेशों की अवहेलना की जा रही है। व्यापारियों की ओर से दुकानों का सामान सड़क पर रखा जा रहा है और उसके आगे वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। कस्बे की झील मार्केट के वाहनों की फिरनी में पार्किंग की जा रही है। फिरनी से क्षेत्र के पांच गावों के लोगों का आवगमन रहता है। अतिक्रमण के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।*

## न्यूज डायरी



### पुलिस ने गांवों को नशा मुक्त करने के लिए ग्रामीणों के साथ किया विचार-विमर्श

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम लगातार ग्रामीण दौरे करक लोगों को नशा, साइबर अपराध व यातायात के नियमों को लेकर जागरूक कर रही है। रविवार को नशा मुक्त टीम ने गांव रोजका व सुनारिया में ग्रामीणों के साथ गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को को नशे से दूर रखने के लिए विचार-विमर्श किया। इस मौके पर एएसआई जितेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अगर उनके पास किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई करता है तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। इस मौके पर ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव की भी जानकारी दी गई तथा सभी से यातायात के नियमों की पालना करने की अपील की।

### एटीएम कार्ड लेकर बुजुर्ग को लगाया 20.5 हजार का चूना



**रेवाड़ी।** रेवाड़ी। नैनसुखपुरा के एक बुजुर्ग का एटीएम कार्ड लेकर दो युवकों ने 20.5 हजार रुपये का चूना लगा दिया। सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस को दर्ज शिकायत में बुजुर्ग ने बताया कि वह एटीएम बूथ पर पैसे निकालने के लिए गया था। वहां एटीएम के पास एक युवक पहले से खड़ा था। उसने पैसे निकालने में उससे मदद मांगी तो युवक ने एटीएम कार्ड मशीन में डाल दिया। उसने उसे बताया कि कार्ड मशीन में फंस गया है। इसके लिए इंजीनियर से मदद लेनी पड़ेगी। इसी दौरान एक युवक और वहां आ गया। दोनों ने बुजुर्ग को पास की दुकान पर मैकेनिक लाने के लिए भेज दिया। जब वह वापस आया तो दोनों युवक उसे कार्ड थमाकर वहां से फरार हो गए। बाद में उसे बैंक से पता चला कि उसके खाते से एटीएम कार्ड के जरिए दो बार में 10-10 हजार रुपये और एक बार 500 रुपये निकाले गए हैं। सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

# बीस दिन बाद पारा 37 डिग्री पर, फिर पसीने छुड़ाने लगी गर्मी

### आज से दो दिन तक मौसम में बदलाव की संभावना, बादलों व तेज हवाओं के साथ हो सकती है बूंदाबांदी

**खास बातें**
- बीते सप्ताह बारिश और बूदांबांदी के चलते तापमान में तेजी से गिरावट आई थी
- पंखे और एसी करीब 10 दिन बाद फिर से चलने शुरू हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मार्च के अंत में मौसम साफ होने के बाद तापमान लगभग 20 दिन बाद 37 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात का तापमान बढ़ने से अब रात के समय भी मौसम गर्म होना शुरू हो गया। पंखे और एसी चलने शुरू हो गए हैं। 30 माह के अंतिम दोनों दिनों में मौसम में बदलाव आने से बादलों व तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है।

रविवार को सुबह के समय आसमान पूरी तरह साफ रहा। तेज धूप निकलने के कारण दोपहर तक गर्मी ने पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए। अधिकतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 37.0 डिग्री पर पहुंच गया। गत 11 फरवरी के बाद दूसरी बार तापमान इस स्तर पर आया है, जो सामान्य से 3.0 डिग्री तक ज्यादा माना जा रहा है। न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री की वृद्धि के साथ्थ 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते सप्ताह बारिश और बूदांबांदी के चलते तापमान में तेजी से गिरावट आई थी, जिससे मौसम ठंडा बना हुआ था। लोगों को सुबह के समय गर्म कपड़ों का फिर से इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था। हालांकि सुबह के समय मौसम ठंडा बना रहता है, परंतु दोपहर तक गर्मी लोगों के जमकर पसीने छुड़ाने लगी है। पंखे और एसी करीब 10 दिन बाद फिर से चलने शुरू हो गए हैं, जिससे बिजली की डिमांड भी बढ़ने लगी है।

दो दिनों में बिजली की खपत 5 लाख यूनिट तक बढ़ने का अनुमान है। रविवार को शाम के समय मौसम ने एक बार फिर से करवट ली। आसमान में बादल गहराने शुरू हो गए, जिससे रात के समय बूंदाबांदी की संभावना बन गई।




रेवाड़ी। रविवार शाम को छाए बरसात के बादल तथा रविवार देर शाम छाए बरसात के बादल व अनाजमंडी में खुले पड़ी फसल। फोटो : हरिभूमि

#### हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार

*मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया है, लेकिन इसके बावजूद इसका असर इस सप्ताह के पहले दो दिनों में देखने को मिल सकता है। आसमान में बादलों के बीच हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद 3 से 5 अप्रैल के बीच भी मौसम में बदलाव आ सकता है। 7 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जो मौसम में बदलाव लाने का काम करेगा। मौसम पूरी तरह साफ होने में अभी कुछ समय लग सकता है।*

#### फसल कटाई व निकालने का कार्य तेज

*आसमान में बादल छाते ही किसानों की चिंता बढ़ जाती है। वह जल्द से जल्द फसल की कटाई और निकालने का कार्य पूरा कराने में लगे हुए हैं। सरसों की कटाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब किसान सरसों निकालने में लगे हुए हैं। गेहूं की कटाई का कार्य भी तेजी से शुरू हो चुका है। किसानों का प्रयास है कि बारिश से पहले फसलों को निकालकर घर या मंडियों तक पहुंचाया जाए, ताकि बारिश से फसलों से नुकसान नहीं हो सके।*



### अग्रवाल वैश्य समाज ने किया माता रानी का कीर्तन

**रेवाड़ी।** अग्रवाल वैश्य समाज की महिला टीम की ओर से रविवार को सेक्टर-2 सोलहराही स्थित मंदिर में माता रानी के भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज की महिलाओं ने माता के मनमोहक भजन सुनाए और भजनों पर नृत्य भी किया। अग्रवाल वैश्य समाज से सुनीता अग्रवाल, यशोदा बंसल, रेखा अग्रवाल, सपना कुमारी अग्रवाल, आशा मंगला, ललिता अग्रवाल व पूजा गुप्ता ने माता रानी का गुणगान किया। इस मौके पर सभी ने वैश्य समाज की महिलाओं को अग्रवाल वैश्य सभा से जुड़ने का आग्रह किया। अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल ने बताया की अग्रवाल वैश्य समाज समय-समय पर धार्मिक आयोजन कराता है।

### नंबरदार एसोसिएशन के तहसील प्रधान को पितृ शोक



**रेवाड़ी।** नंबरदार एसोसिएशन के तहसील प्रधान जसवंत सिंह के पिता दुलीचंद का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। 99 वर्षीय दुलीचंद के निधन पर गांव बिहारीपुर में श्रद्धांजलि सभा रखी गई। रविवार को नंबरदार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष उदयराज राव सहित अन्य नंबरदारों ने गांव बिहारीपुर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उदयराज ने कहा कि परोपकार से बढ़कर कोई पुन्य नहीं होता, क्योंकि इससे समाज को संगठित और सक्षम बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि जन्म और मृत्यु निश्चित है, जीवन और मृत्यु के बीच परोपकार ही एकमात्र विकल्प है, जिसमें रुचि रखने वाले को समाज सदैव याद रखेगा। इसी प्रकार के परोपकार करते हुए दुलीचंद का जीवन बीता है। श्रद्धांजलि सभा में जिला संयोजक सतीश नंबरदार औलांत, अर्जुन सिंह नंबरदार जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव धर्मवीर नंबरदार व जिला उपाध्यक्ष धर्मसिंह नंबरदार लोधाणा सहित शिक्षाविद व अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



### गेट पास जारी करने, फसल तुलाई और भुगतान से जुड़ी प्रत्येक खरीद प्रक्रिया रहे पारदर्शी: डीसी

**रेवाड़ी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों व अधिकारियों के साथ रबी फसल खरीद प्रक्रिया की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाते हुए प्रभावी कदम उठाए जाए। डीसी अभिषेक मीणा वीसी उपरांत लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों को खरीद प्रबंधों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने मार्केट कमेटी सचिव को निर्देश दिए कि किसान की फसल खरीद के समय बायोमेट्रिक सत्यापन होना अनिवार्य है, इसलिए यह निर्बाध रूप से जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान स्वयं या उनके द्वारा नॉमिनेट व्यक्ति के द्वारा फसल बेच सकता है, जिसकी डिवाइस से बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा। डीसी ने कहा कि मंडी में प्रवेश द्वार पर फसल लाने वाले वाहन की फोटो ली जानी आवश्यक है।

# नागरिकों को शिक्षा, चिकित्सा और सुरक्षा मुहैया कराने के लिए कार्य कर रही प्रदेश सरकार: बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर नागरिक को शिक्षा, चिकित्सा और सुरक्षा प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने को लेकर संकल्पित है। हरियाणा शिक्षा के क्षेत्र में नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने भगवान महावीर विद्यापीठ संस्था की ओर से संचालित जेपीएस के 40वें स्थापना दिवस पर आयोजित दो दिवसीय उत्कर्ष कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। आरएसएस के संघ संचालक प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस मौके पर मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार देश और प्रदेश में नागरिकों को सभी जरूरी सुविधाएं देने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के हर नागरिकों को शिक्षा, चिकित्सा और सुरक्षा मुहैया कराने के लिए कार्य कर रही है।



#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली, जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल और कुलदीप चौहान, प्रबंधन समिति के प्रधान सीए मोहित जैन, उपप्रधान सीमा जैन, सचिव अमित जैन, प्रबंधक प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, शासकीय निकाय सदस्य रविंद्र जैन, प्रद्युम्न जैन, निपुण जैन, रविंद्र जैन, विजय जैन, प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा व उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता सहित काफी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद थे।

### मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को एक सूत्र में जोड़ने का प्रेरणादायक माध्यम: डा. कृष्ण



**बावल।** बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने रविवार को गांव टीट में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात एपिसोड को सुना। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मन की बात केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि देशवासियों को एक सूत्र में जोड़ने का एक प्रभावी और प्रेरणादायक माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री की ओर से वैश्विक परिस्थितियों के बीच खाड़ी देशों द्वारा भारतीयों को दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान चुनौतीपूर्ण समय में सभी नागरिक एकजुट व सतर्क रहकर किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें। इस अवसर पर जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टीट, खोल पंचायत समिति के उप चेयरमैन पंकज यादव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सचिन यादव, महेश, कार्यकारिणी सदस्य जयभगवान हरजीपुर व सतपाल सरपंच सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# संत शिरोमणी स्वामी प्रेमानंद के उपदेश सरल और हितकारी: राजेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को संत शिरोमणी स्वामी प्रेमानंद को समर्पित धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद राजेन्द्र सिंह यादव, भाजपा प्रदेश ओबीसी कार्यकारिणी सदस्य नवीन रोहिल्ला व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि संत शिरोमणी स्वामी प्रेमानंद के उपदेश सरल व हितकारी है। उनका कहना है कि व्यक्ति के इस जगत के माने हुए सभी रिश्ते नाते शरीर संबंधों पर आधारित हैं। शरीर जिसके कारण से सब नाते बने हैं वो नश्वर है यानि कभी भी नष्ट नहीं होने वाला है। स्वामी प्रेमानंद का कहना है कि प्रभु का निरंतर नाम जप करने से विकार नष्ट हो जाते है और हमें अपने प्रकाश स्वरूप का भान होता है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते हुए।

#### ये हुए सम्मानित व रहे मौजूद

कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उपप्रधान हेमंत ग्रोवर, समाजसेवी राजेन्द्र गेरा, शिक्षाविद सुदर्शन मेहंदीरत्ता, सत्यपाल शास्त्री व लक्ष्मी नारायण अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिला प्रधान निशा सीकरी, शिक्षाविद मधु गुप्ता, डा. देवेन्द्र कुमार, संजय गुप्ता, कैप्टन रूपचन्द, समाजसेवी प्रमोद सैनी, जोहरी सिंह चौकन, पुलिस उपनिरीक्षक राजाराम व रमाकांत सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**जागरुकता** एपीके फाइल से मोबाइल हैकिंग और डेटा चोरी का खतरा : एसपी

# एपीके फाइल डाउनलोड करने से पहले रहे सतर्क फर्जी एप और लिंक से बढ़ रहे साइबर अपराध

- फाइलें डाउनलोड करने पर मोबाइल का पूरा नियंत्रण साइबर अपराधियों के हाथ में जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा आमजन को साइबर अपराध से बचने के लिए एपीके फाइल यानि थर्ड पार्टी एप डाउनलोड करने को लेकर सतर्क किया है। एसपी ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी लोगों को एपीके फाइल के माध्यम से ठगी और डेटा चोरी का शिकार बना रहे हैं। एसपी मीणा ने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी एपीके फाइल, अज्ञात लिंक और नकली एप के जरिए मोबाइल फोन में मैलवेयर इंस्टॉल कर देते हैं, जिससे यूजर की निजी जानकारी, बैंक डिटेल, ओटीपी और पासवर्ड चोरी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की फाइलें डाउनलोड करने पर मोबाइल का पूरा नियंत्रण भी साइबर अपराधियों के हाथ में जा सकता है।

#### आमजन के लिए बरती जाने वाली सावधानियां



केवल गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप स्टोर जैसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही एप डाउनलोड करें। अज्ञात वेबसाइट, सोशल मीडिया लिंक या व्हाट्सएप पर आई एपीके फाइल डाउनलोड न करें। मोबाइल में अननॉन सोर्सेज से इंस्टॉलेशन की अनुमति बंद रखें। एप डाउनलोड करने से पहले उसकी रेटिंग, रिव्यू और डेवलपर की जानकारी अवश्य जांच ले। अपने मोबाइल में एंटीवायरस और सिक्योरिटी अपडेट हमेशा ऑन रखें। कोई भी एप अनावश्यक परमिशन मांगे तो उसे तुरंत अनइंस्टॉल करें। यदि कोई व्यक्ति एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद साइबर ठगी या डेटा चोरी का शिकार हो जाता है, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या साइबर थाने से संपर्क करे अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए। एसपी मीणा ने कहा कि पुलिस साइबर अपराधों पर सतत निगरानी रख रही है और ऐसे मामलों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि नागरिकों की सतर्कता ही मोबाइल सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।